# राजभाषा प्रकोष्ठ

## HINDI CELL


डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय A CENTRAL UNIVERSITY)

ई-मेल : hindicell2015@gmail.com
rajbhasha@dhsgsu.edu.in
दूरभाष क्र. : (07582) 297118


पत्र क्र.– राभाप्र. / 33 / 2025 / 3048

दिनांक: 29 .04.2025

## परिपत्र CIRCULAR

**विषयः राजभाषा के तिमाही प्रगति प्रतिवेदन से संबंधित जानकारी**

**Sub : Information regarding Quarterly Progress Report of Official Language**

विश्वविद्यालय में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति प्रतिवेदन हेतु राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर समस्त विभागों / अनुभागों / कार्यालयों से जानकारी एकत्र की जाती है ताकि समेकित आंकड़े सक्षम प्राधिकारी एवं राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित किए जा सकें।

प्रायः देखने में आया है कि अधिकांश विभाग / अनुभाग / कार्यालय जारी पत्रों की संख्या निरंक भेज रहे हैं जो कि अवास्तविक प्रतीत होते हैं। इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी ने अप्रसन्नता व्यक्त की है। अतः समस्त विभागों / अनुभागों / कार्यालयों के प्रभारियों एवं नियंत्रण अधिकारियों से निवेदन है कि कृपया राजभाषा कार्यान्वयन एवं पत्राचार से संबंधित वास्तविक व विश्वसनीय जानकारी प्रेषित कर अपने विभाग में इससे संबंधित अभिलेख भी अनुरक्षित रखें। समक्ष प्राधिकारी की अनुमति से किसी भी समय इनका परीक्षण किया जा सकता है।

आदेशानुसार,

29/4/25

(कुलसचिव)

**प्रतिलिपिः–**

1. समस्त निदेशक, प्रशासनिक एवं अध्ययनशाला
2. समस्त विभागाध्यक्ष, केन्द्र प्रभारीगण
3. नियंत्रण अधिकारी, समस्त कार्यालय / अनुभाग / शाखा / प्रकोष्ठ
4. प्रभारी वित्ताधिकारी एवं प्रभारी परीक्षा नियंत्रक
5. समस्त शिक्षकगण / अधिकारीगण / कर्मचारीगण
6. प्रभारी, जनसंपर्क अधिकारी
7. प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ– वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।
8. कुलपति सचिवालय, माननीया कुलपति महोदया को सूचनार्थ।
9. कुलसचिव के निजी सहायक– सादर सूचनार्थ।
10. गार्ड फाइल

(राजभाषा अधिकारी)